# अमर उजाला jobalert

चाहे सरकारी क्षेत्र हो या प्राइवेट, देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। जरूरत बस इतनी है कि समय रहते युवाओं को इनकी जानकारी मिलती रहे। **ऐसी ही कुछ नौकरियों पर एक नजर-**

## सीटीयू में बस कंडक्टर की जरूरत

**छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग**

- **कुल पद:** 93
- **पद:** बस कंडक्टर
- **शैक्षिक योग्यता:** 12वीं उत्तीर्ण व वैध लाइसेंस
- **आयु सीमा:** 18 से 25 वर्ष
- **अंतिम तिथि:** 31 मार्च, 2016
- **ऑनलाइन आवेदन:** chdctu.gov.in

**आवेदन शुल्क:** सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को 800 रुपये और अनुसूचित जाति व पूर्व सैन्य कर्मियों को 400 रुपये जमा करने होंगे। निःशक्तजनों के लिए आवेदन शुल्क का कोई प्रावधान नहीं है।

**ऐसे करें आवेदन:** इन पदों पर आवेदन ऑनलाइन किए जाएंगे। आवेदन करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों के अनुसार आवेदन प्रक्रिया को पूरा करें। आवेदन पूर्ण हो जाने के बाद उसका प्रिंटआउट आगामी प्रक्रिया के लिए सुरक्षित रख लें।

## बीएचयू में प्रोफेसर बनने का मौका

**काशी हिंदू विश्वविद्यालय**

- **कुल पद:** 59
- **पद:** प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर
- **शैक्षिक योग्यता:** पदानुसार
- **अंतिम तिथि:** 10 अप्रैल, 2016
- **ऑनलाइन आवेदन:** www.bhu.ac.in

**ऐसे करें आवेदन:** इच्छुक उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर जाएं और दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को पूरा करें। आवेदन पूर्ण हो जाने के बाद उसका प्रिंटआउट प्राप्त कर लें और संबंधित शैक्षिक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों को संलग्न कर 'ऑफिस ऑफ द रजिस्ट्रार (रिक्रूटमेंट ऐंड असेसमेंट सेल), होल्कर हाउस, बीएचयू, वाराणसी-221005' के पते पर भेजें।

**चयन प्रक्रिया:** आवेदकों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

### fact file

| | |
|---|---|
| 1,009<br>पद यूपीएससी के जरिये भरे जाएंगे | 441<br>पद बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में रिक्त |
| 16<br>पद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में रिक्त | 08<br>पद बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंट काउंसिल में |

## लाइब्रेरियन, पीए समेत अन्य पद

**इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ**

- **पद:** लाइब्रेरियन, पीएस और पीए
- **शैक्षिक योग्यता:** पदों के अनुसार अलग-अलग
- **आयु सीमा:** अधिकतम 35/40/50 वर्ष (पदानुसार)
- **अंतिम तिथि:** 31 मार्च, 2016
- **वेबसाइट:** www.iiml.ac.in

**ऐसे करें आवेदन:** उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट से आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप को डाउनलोड कर उसे भरें। पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र को मांगे गए सभी शैक्षणिक व अन्य दस्तावेजों की प्रतियों के साथ संलग्न कर 'चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, प्रबंध नगर, ऑफ सीतापुर रोड, लखनऊ-226013' के पते पर भेजें।

**चयन प्रक्रिया:** चयन के लिए पदों के अनुसार अलग-अलग प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

## स्टेनोग्राफर समेत अन्य पद खाली

**आर्टिफिशियल लिंब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पो. ऑफ इंडिया**

- **पद:** स्टेनोग्राफर और अर्द्धकुशल कर्मचारी (निःशक्तजन)
- **शैक्षिक योग्यता:** क्रमशः स्नातक, आईटीआई व निर्धारित शॉर्टहैंड और टाइपिंग गति/ 10वीं पास और अनुभव।
- **आयु सीमा:** अधिकतम 28/32 वर्ष (पदानुसार)
- **अंतिम तिथि:** 31 मार्च, 2016
- **वेबसाइट:** www.alimco.in

**ऐसे करें आवेदन:** उम्मीदवार आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप को डाउनलोड कर उसे भरें। पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र को मांगे गए सभी शैक्षिक व अन्य प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ संलग्न कर 'द सीनियर मैनेजर (पर्सनल ऐंड एडमिनिस्ट्रेशन), एएलआईएमसीओ, नारामाऊ, जी. टी. रोड, कानपुर (उत्तर प्रदेश)- 209217' के पते पर भेजें।

**चयन प्रक्रिया:** इन पदों पर अंतिम चयन लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

## आज का सवाल

**मैं बीए (प्राचीन भारतीय इतिहास, हिंदी और राजनीतिक विज्ञान) का छात्र हूं और सिविल सेवा की तैयारी करना चाहता हूं। मुझे क्या करना होगा? - पवन कुमार सरोज**

**जवाब:** सिविल सेवा परीक्षा देने के लिए आपको स्नातक होना जरूरी है। संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी हर साल आईएएस, आईपीएस और आईएफएस की परीक्षा आयोजित करता है। इसकी तैयारी के लिए आप स्नातक करने के साथ सिविल सेवा परीक्षा से जुड़े पाठ्यक्रम को पढ़ सकते हैं और तैयारी कर रहे वरिष्ठ परिचितों एवं किसी अनुभवी शिक्षक के मार्गदर्शन में तैयारी कर सकते हैं। इस परीक्षा में सामान्य अध्ययन, सीसैट और एक वैकल्पिक विषय की तैयारी करनी होती है। आपको एक राष्ट्रीय समाचार पत्र, एनसीईआरटी की इतिहास, भूगोल, विज्ञान, अर्थशास्त्र (कक्षा 8 से 11) की पुस्तकों का नियमित अध्ययन आरंभ कर देना चाहिए, जिससे आपका सामान्य ज्ञान बढ़ सके।

अपने सुझाव और सवाल हमें ईमेल jobalert@amarujala.com पर भेजें।

---

प्रदेश स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का चैंपियन बना दीपेन्द्र

# कच्चे घर से निकला खिलाड़ी सोने के तमगे लेकर लौटा

अनुज शर्मा

**अलीगढ़।** अभावों को हराकर जीता कैसे जाता है? यह जानने के लिए आपको अलीगढ़ से कोई 50 किमी दूर टप्पल के पलसेड़ा गांव तक जाना होगा। इसी गांव में उस 'हस्ती' से मुलाकात होगी। नाम है दीपेन्द्र कुमार। पिता मजदूर हैं, लेकिन इरादे बहुत मजबूत हैं। अभावों में जिंदगी है। घर अधकच्चा है, लेकिन 'फलक पर सफलता' लिखने के लिए इस छोटी सी उम्र के खिलाड़ी का मन पूरा पक्का है। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव आलोक रंजन के हाथों बेसिक शिक्षा परिषद की प्रदेश स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता की व्यक्तिगत चैंपियनशिप की ट्राफी लेकर दीपेंन्द्र ने आसमान छूने का आगाज कर दिया है।



चैंपियन दीपेन्द्र कुमार को ट्रॉफी देते मुख्य सचिव आलोक रंजन। साथ में हैं अलीगढ़ के जिला व्यायाम शिक्षक सुशील कुमार शर्मा व अन्य।

लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य सचिव आलोक रंजन ने पूर्व माध्यमिक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किए गए दीपेन्द्र कुमार (13 अंक) के खेल प्रतिभा के कायल हुए बिना नहीं रह सके। पूर्व माध्यमिक विद्यालय टप्पल में कक्षा आठ में पढ़ने वाले दीपेन्द्र पिता ओमवीर मजदूर हैं। चार बहन और दो भाइयों में दीपेन्द्र अपने पिता की चौथी संतान है। पिता को कभी काम मिलता है तो कभी नहीं। आठ लोगों के इस परिवार के पास एक कमरा तक पक्का नहीं है। दीपेन्द्र ने मजदूर के बेटे को मजदूर बनाने की नजर से देखने वाले गांव के माहौल को झेला। मैदान न होकर भी अपना खेल खेला। जगह मिली वहां गुरू राकेश कुमार द्वारा दिए टिप्स पर अभ्यास किया। दीपेन्द्र अपने गुरुजनों व माता पिता को अपनी जीत श्रेय दे रहा है। माता- पिता को तो अभी तक यह एहसास भी नहीं है के उनका बेटा कितना बड़ी प्रतियोगिता जीतकर लौटा है। जीत पर खुशी मना रहा दीपेन्द्र सरकार से मदद चाहता है लेकिन अपने लिए नहीं। वह अपने क्षेत्र के लिए कुछ चाहता है। वह चाहता है कि एक छोटा सा खेल मैदान या स्टेडियम जैसा कुछ बन जाए ताकि और भी दीपेन्द्र अपनी प्रतिभा दिखा सकें। जिस घर में दो जून की रोटी पकेगी ही यह तक तय न हो उस घर के इस बच्चे ने तीन गोल्ड मेडल जीतकर यह तो तय कर दिया है जीत का मन पक्का कर, हौसले के दम पर 'अभावों का पक्षी' आसमान में अपनी जीत दर्ज करा सकता है।

### अलीगढ़ की टीम ने सोने- चांदी से लिखी जीत

अलीगढ़। चौक स्टेडियम लखनऊ में संपन्न बेसिक शिक्षा परिषद की राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में अलीगढ़ 40 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। दीपेन्द्र ने 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किए। प्राथमिक वर्ग में सौरभ ने 200 मीटर में कांस्य व 400 मीटर में रजत पदक जीता। कुश्ती के 27 किलो भार वर्ग में मोहित कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। तस्तरी फेंक में जितेन्द्र ने रजत पदक जीता गया। प्राथमिक वर्ग 100 मीटर रेस में नवीन ने रजत पदक जीता। दीपेन्द्र को एथलेटिक में व्यक्तिगत चैम्पियनशिप मिली। जिला व्यायाम शिक्षक सुशील कुमार शर्मा ने बताया प्रतियोगिता नौ मार्च से शुरू होकर 11 मार्च तक चली। जनपद के एथलेटिक व खो-खो के खिलाड़ी छाये रहे। खो-खो प्राथमिक वर्ग बालक सेमीफ इनल की रेस में रहे। अनुदेशक शारीरिक शिक्षा सचिन कुमार, भगवानदास, विनोद, भरत सिंह, हितेश कुमार, दीपक यादव ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।



दीपेन्द्र कुमार जिले का गौरव बनकर उभरा है। विभाग उसकी हर स्तर से मदद करेगा। आगरा और अलीगढ़ मंडल के सभी आठ जिलों में केवल अलीगढ़ ने ही मेडल जीते हैं, यह बड़ी बात है। सभी खिलाड़ियों को मेरी ओर से बधाई।

**संजय शुक्ला, बीएसए**

---

एएमयू में नेनौ टैक्नालॉजी पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस शुरू

# भारत और अमेरिका को देना होगा शिक्षा व शोध को बढ़ावा

**अलीगढ़ (ब्यूरो)।** एएमयू में नैनोटेक्नालॉजी पर आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए अमेरिका की ओहायो स्टेट यूनीवर्सिटी के वाइस प्रवोस्ट प्रो विलियम ब्रुस्टीन ने कहा कि इक्कीसवी शताब्दी की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए भारत और अमरीका के बीच शिक्षा और शोध के कामों को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि अमरीका की ओहायो स्टेट यूनीवर्सिटी ने एएमयू से एक करार भी किया है।



एएमयू में आयोजित सेमिनार में बोलते प्रो. विलियम ब्रुस्टीन व अन्य।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते एएमयू के वीसी ने कहा कि भारत में एक नई हरित क्रांति का नेतृत्व एएमयू प्रदान करेगा। जनरल शाह ने कहा कि देश के समस्त विश्वविद्यालयों में एएमयू का नैनोटैक्नालॉजी का केंद्र इस दिशा में सबसे ज्यादा काम कर रहा है। संप्राश फूड के निदेशक प्रो अशोक कुमार ने कहा कि नेनोटैक्नोलॉजी के विकास के साथ लोगों की आवश्यकताएं भी बढ़ रही हैं। एएमयू सहकुलपति ब्रिगेडियर एस अहमद अली ने कहा कि जिस प्रकार 1960 के दशक में ट्रांजिस्टर और 1980 के दशक में लेजर परिवर्तन लेकर आया उसी प्रकार आज के समय में नैनो टेक्नालॉजी सबसे बड़ा परिवर्तन लेकर आ रही है। ओएसयू के प्रो. अनिल प्रधान ने कहा कि एएमयू ओसयू [illegible]म प्रोग्राम विश्वस्तरीय वैज्ञानिक पैदा करने के लिए बनाया गया। प्रो. के इरविंग ने कहा कि इस प्रोग्राम के चलते हुए और अधिक विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग पर समझौता हो सकता है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डॉ. एसएस जेड अशरफ, डॉ ब्रजराज सिंह, डॉ अजरा परवीन, डॉ असद अली, डॉ जफ रूल हसन और प्रो असदउल्लाह खान के अलावा डॉ वसी खान अतिथियों का परिचय कराया। डॉ शकील खान ने आभार जताया। स्वालेहा नसीम और फरहीन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### शोधार्थी को मिला अवार्ड

**अलीगढ़।** एएमयू के जंतु विज्ञान विभाग में शोधार्थी सलमान को बेस्ट ओरल प्रजेंटेशन अवार्ड प्रदान किया गया है। उन्हें यह एआर्ड इटावा के बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टैक्नालॉजी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में उनके शोध पत्र पर प्रदान किया गया। समान ने प्रिसाइज एज इस्टीमेशन इन स्ट्रिप्ड स्नेक हैड क्लेक्ट प्रोम दा रीवर गंगा शीर्षक से अपना पत्र प्रस्तुत किया।

### पोस्टर प्रस्तुतीकरण में मिला पुरस्कार

**अलीगढ़।** एएमयू के बायोकैमिस्ट्री विभाग की शोध छात्रा मरियम खान को एएमयू में इमरजिंग ट्रेंड्स इन बायोमेडीकल साइंसेज पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## मूकबधिर टी-20 प्रतियोगिता का आगाज

**अलीगढ़।** डीफ एसोसिएशन के तत्वावधान में द्वितीय मूकबधिर टी-20 प्रतियोगिता का आयोजन एएमयू के विलिंगडन पैवेलियन पर किया गया।

उद्घाटन डीआईजी गोविंद अग्रवाल ने किया। विशिष्ट अतिथि राजकुमार जैन, अभिषेक जैन, प्रवीन अग्रवाल, डीफ एसोसिएशन समिति की अध्यक्ष पूनम बजाज जिला महासचिव अनुभव गौतम, कोषाध्यक्ष सैफुर रहमान सदफ रहे। संयोजक अंशुमान गौतम ने बताया पहले दिन फिरोजाबाद और मुरादाबाद में मैच हुआ। फिरोजाबाद ने 64 रन से मैच जीता। दूसरे मैच में मेरठ ने अलीगढ़ को आठ विकेट से हरा दिया। मथुरा ने आगरा को 23 रन से हराया।

## बेबी शो 20 को

**अलीगढ़।** गंगा एन्क्लेव बन्ना देवी स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में ग्रांड बेबी शो का आयोजन दिनांक 20 मार्च को किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य आशा शर्मा ने बताया कि शो का उद्देश्य लोगों में बच्चों के प्रति जागरुकता लाना है। बेबी शो मैं भाग लेने के लिये रजिस्ट्रेशन फ़ार्म भरना अनिवार्य है। शो में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। अन्य को सांत्वना पुरस्कार दिये जाएंगे।

**न्यूज डायरी**

## गगन कालेज में कैंपस सलेक्शन




**अलीगढ़।** गगन कालेज आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आई-एनरजाइजर आईटी सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड नोएडा कंपनी के विशेषज्ञों ने साक्षात्कार के माध्यम से छात्र-छात्राओं के कैंपस सलेक्शन किये। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज सीमा शर्मा, सीनियर एक्जीक्यूटिव कैंपस सलेक्शन अफसर गोविंद सिंह व मुकेश शर्मा ने कंपनी की उपलब्धियां बताई। इनका डीन गिरीश शर्मा ने स्वागत किया। महाविद्यालय निर्देशक शशिबाला शर्मा और रजिस्ट्रार मो. आसिफ खान ने छात्र व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. अंशु सक्सेना ने सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सुनील भारद्वाज, सरिता सिंह, गीता राजपूत, भावना आनंद, पूनम माहेश्वरी आदि उपस्थित थे।

## विजयी विद्यार्थियों का सम्मान

**अलीगढ़।** पला रोड स्थित साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में मासिक व त्रैमासिक के अंतराल पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा प्ले ग्रुप से ले कर कक्षा 3 तक के छात्र छात्राओं ने बढ़. चढ़ कर भाग लिया। इसमें राधा कृष्ण रूप सज़्ज़ा प्रतियोगिता में पूर्वी, अथर्व, राधिका, आल्या, मानवी, सारांश, प्रेषा, समर्थ प्रथम रहे। पंखुरी, पर्व, सोनिका, कुशाग्र, दुर्गेश्वरी, सौम्या, काव्य, नमन द्वितीय रहे। मोमबत्ती तथा दीया सज़्ज़ा प्रतियोगिता में अराध्या, उत्कर्ष, अनुषा, शौर्य प्रथम रहे तथा गुनगुन, यश, तनय, तन्वी द्वितीय रहे। कविता प्रतियोगिता में सारांश और सक्षम प्रथम रहे तथा तन्मय और शौर्य द्वितीय रहे। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में दिव्यांशा, हर्षित, सुरभि, यश, भारती, वंशराज, अनुष्का, सिद्धार्थ प्रथम रहे तथा अराध्या, दक्ष, नताशा, अराध्या, सौम्य, परिधि और भावना द्वितीय रहे। नृत्य प्रतियोगिता में अराध्या, अनुषा, तनिष्का प्रथम रहे तथा परिधि, अनन्या, तन्वी द्वितीय रहे। कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में आशी, उदित प्रथम रहे तथा अभिज्ञा, कनिष्का एवं भूमि द्वितीय रहे। विद्यालय के प्रबंधक पीयूष गुप्ता व प्रधानाचार्य नीरू अरोरा ने बच्चों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया।





